<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30 मई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों समेत दुद्धी विधानसभा सीट पर चुनाव को लेकर आज शाम को थम जाएगा चुनाव प्रचार। एक जून को होगा मतदान।
- लोकसभा चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत : अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने चार–चार और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तीन जनसभाओं को किया संबोधित।
- सातवें चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीन और सपा प्रमुख अखिलेश यादव दो लोकसभा क्षेत्रों में करेंगे प्रचार।
- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी। झांसी में उन्चास डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा। मौसम विभाग के मुताबिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना।

**********

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में मार्च से प्रारंभ हुआ चुनावी शोर आज शाम पांच बजे थम जाएगा। इसके साथ ही सातवें चरण और आखिरी चरण में प्रदेश की 13 सीटों के लिए प्रचार भी बंद हो जाएगा। प्रदेश में आखिरी चरण में 1 जून को 13 लोकसभा सीटों के साथ ही दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये कुल 144 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें 134 पुरूष और दस महिला प्रत्याशी शामिल है। वहीं सोनभद्र के दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

**********

प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर एक जून को होने वाले सातवें और आखिरी चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार और तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों और नेताओं ने कल अपनी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए जनसभा, और रोड शो के माध्यम से प्रचार किया। इसी क्रम में गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने कल महराजगंज, देवरिया, बलिया और सोनभद्र में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री शाह ने दावा किया कि भाजपा को केवल पांच चरण के चुनाव में 300 से अधिक सीटें मिलेंगी। अगले दो चरणों में एनडीए चार सौ सीटों का आकड़ा पार करेगी।

***चार को काउंटिंग है, चार की दोपहर को ये दोनों शहजादे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे, और प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहेंगे, ईवीएम खराब था, इसलिए हम चुनाव हार गए, इन्होंने तो कर लिया है, कि हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना है, एक चुनाव में एक और बारह लाख करोड़ के घपले, घोटाले, भ्रष्टाचार करने वाला एक गठबंधन राहुल गांधी, अखिलेश यादव है, और दूसरी और 23–23 साल तक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री रहने के बावजूद भी 25 पैसे का जिस पर आरोप नहीं है, ऐसे ही हमारे नरेंद्र मोदी है।***

श्री शाह ने सपा सरकार के दौरान खराब कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के शासन में उत्तर प्रदेश में माफिया राज था। उन्होंने कहा कि 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज कायम किया है। भाजपा ने पूर्वांचल को माफिया मुक्त करने का काम किया है। श्री शाह ने शाम को गाजीपुर में रोड–शो भी किया।

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने कल कुशीनगर, सलेमपुर, गोरखपुर और बांसगांव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की और गोरखपुर में रोड शो कर के वोट मांगे। श्री योगी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिना भेदभाव हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिला है। साथ ही देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है और आतंकवाद पर पूरी तरह से काबू पाया गया है।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने दुद्धी विधानसभा क्षेत्र सहित रॉबर्ट्सगंज और मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। सपा प्रमुख ने वादा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा और अग्निवीर योजना को खत्म करके पक्की नौकरियां दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है।

***ये देश का चुनाव हमारे आपके भविष्य का चुनाव तो है, लेकिन इसके साथ–साथ ये चुनाव हमारे आपके आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव भी है। वहीं ये चुनाव संविधान बचाने का भी चुनाव हमारा आपका है, ये संविधान वही है जो हमें अधिकार दिलाता है ये संविधान वही है जो हमें न्याय दिलाता है ये समान समय समय पर हमें आगे बढ़ने का मौका देता है और सच्चाई तो ये है कि ये सविधान हमारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के क्या दिया हुआ हमारे और आपके लिए संजीवनी है।***

सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने कल कुशीनगर में रोड शो किया। उधर, वाराणसी में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कल पत्रकार वार्ता में दावा किया कि 4 जून को गठबंधन अपने दम पर सरकार बनाने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि गठबंधन के दलों के नेताओं की चार जून को दिल्ली में बैठक होगी, जिसमें प्रधानमंत्री पद के नाम पर आखिरी सहमति बनेगी।

**********

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिए प्रचार का आज आखिरी दिन है। राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरी ताकत लगा रही हैं। आकाशवाणी संवाददाता ने बताया कि रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह कुशीनगर, रॉबर्ट्सगंज और चंदौली निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार करेंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कुशीनगर और सोनभद्र निर्वाचन क्षेत्रों में रोड शो करेंगे, जबकि समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव आज महाराजगंज और घोसी निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार करेंगे।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इसमें कुशीनगर की सीट भी शामिल है। भाजपा ने इस सीट पर वर्तमान सांसद विजय कुमार दुबे को प्रत्याशी बनाया है। सपा ने अजय प्रताप सिंह को इस सीट पर अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से दावेदारी पेश कर के मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है।

**हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट**

***कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र से 1989 में जनता दल के बालेश्वर यादव ने यहां से सफलता हासिल की थी। उसके बाद के चार चुनावों में इस क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराता रहा वर्ष 2014 के चुनाव में पूर्वांचल के कद्दावर नेता स्वर्गीय राजमंगल पांडेय के सुपुत्र राजेश पांडेय ने कुशीनगर सीट पर भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की लेकिन 2019 के लोक सभा चुनाव में उनका टिकट काटकर पार्टी ने विजय कुमार दुबे को प्रत्याशी बनाया, उन्होंने इस सीट पर भारी मतों से जीत हासिल कर सफलता पाई। कुशीनगर संसदीय सीट पर कुल 9 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जहाँ वर्तमान सांसद विजय कुमार दुबे को दोबारा प्रत्याशी बनाया है, वहीं इंडिया गठबंधन ने सपा प्रत्याशी अजय प्रताप उर्फ पिन्टू सिंह सैंथवार को अपना उम्मीदवार बनाकर भाजपा को घेरने की कोशिश की है।जबकि बसपा ने अपने पुराने कार्यकर्ता शुभनारायन चौहान को मैदान में उतारा तो वहीं कुशीनगर के पडरौना सीट से तीन बार विधायक रहे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के स्वयं अपनी पार्टी आरएसएसपी के प्रत्याशी होने से लड़ाई दिलचस्प हो गयी है। विवेक कुमार पाण्डेय आकाशवाणी समाचार कुशीनगर।***

**********

डूंगरपुर प्रकरण के एक मुकदमें में एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने कल सपा के महासचिव आजम खान और उनके करीबी ठेकेदार बरकत अली को दोषी ठहराया है। सजा पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। आज सजा सुनाए जाने की संभावना है। आजम खान वर्तमान में सीतापुर और बरकत अली रामपुर जेल में बंद हैं। दोनों की वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से पेशी हुई। सपा सरकार में 2016 में डूंगरपुर बस्ती में आसरा आवास बनाने के लिए कुछ लोगों के मकान ध्वस्त किए गए थे। आरोप है कि आजम खान के इशारे पर घरों को जबरन खाली कराया गया था। उधर, आजम खान की पत्नी डा तजीन फातिमा सात महीने के बाद जेल से रिहा हो गई हैं। बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने उन्हें वर्ष 2023 में सात वर्ष की सजा सुनाई थी। उनके साथ आजम खान और अब्दुल्ला आजम को भी सजा हुई थी। तीनों को हाई कोर्ट ने 26 मई को जमानत दी है।

**********

प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू को प्रकोप जारी है। बीते 24 घंटों में प्रदेश में अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस झांसी में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर आज गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू चलेगी।

**********